# कोटा में पुनर्मतदान के दौरान फर्जी मतदान के आरोपों को लेकर भारी हंगामा

## वार्ड नंबर 87 में पुनर्मतदान के दौरान भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर लात-घूंसे चले

**कोटा,** (निसं)। कोटा जिले में नगर निगम के तीन और सुकेत नगर पालिका के एक वार्ड के एक-एक बूथ पर बुधवार को रिपोलिंग हंगामा और फर्जी मतदान के आरोपी के बीच संपन्न हुई। पुनर्मतदान को लेकर भारी सुरक्षा व्यवस्था रखी गई थी। इन चारों जगह 19 प्रत्याशियों का भाग्य दाव पर है। वार्ड नंबर 87 में पुनर्मतदान के दौरान हंगामा हो गया। भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर लात-घूंसे चले हैं।

जानकारी के अनुसार कोटा नगर निगम चुनाव में वार्ड नंबर 87 में हो रहे एक बूथ पर रिपोलिंग के दौरान कार्यकर्ता अपने-अपने नेताओं के लिए नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में उलझ गए। लात-घूंसे चले और काफी देर तक बहस भी हुई। लोग एक-दूसरे के कार्यकर्ताओं को असामाजिक तत्व बताते हुए मौके से दूर करने की मांग करते रहे। मौके पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा और महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष शालिनी गौतम भी मौजूद थी। इस बीच विधायक संदीप शर्मा व शालिनी गौतम के साथ भी धक्का-मुक्की हुई है। पुलिस ने दोनों पक्ष के लोगों को अलग-अलग किया और समझाइश की तब जाकर मामला शांत हुआ। यहां पर भारतीय जनता पार्टी की पुष्पा चौधरी और कांग्रेस की लक्ष्मी शर्मा चुनाव लड़ रही हैं। उधर, नगर निगम कोटा में वार्ड नंबर 44 में भी हंगामा हुआ है। सकतपुरा इलाके के सरकारी स्कूल में पोलिंग चल रही थी। इस बीच फर्जी मतदान के आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। घटना पर काफी देर आपस में नारेबाजी और बहस कार्यकर्ताओं के बीच हुई। भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन भी मौके पर पहुंचे। दूसरी तरफ थानाधिकारी देवेश भारद्वाज ने कार्यकर्ताओं को अलग करवाया। मौके पर पुलिस जाप्ता तैनात किया गया। कोटा नगर निगम वार्ड 87 मे कवरेज के दौरान पत्रकारों से अभद्रता की गई। इससे नाराज होकर महावीर नगर थाने के बाहर पत्रकार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। पत्रकारों का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके साथ अभद्रता की और कवरेज करने से रोका। पत्रकारों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। नगर निगम कोटा के तीनों मतदान केन्द्रों पर हुए पुनर्मतदान की मतगणना 17 सितम्बर, गुरुवार को प्रात: 8 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित टैगोर हॉल में की जाएगी। मतगणना की समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



कोटा में थाने पर धरने पर बैठे पत्रकारों से कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा मिलने पहुंचे।

- कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा और महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष शालिनी गौतम के साथ भी धक्का-मुक्की हुई

# नावां में डंपर और कार की भिड़ंत में चार जनों की मौत

**जयपुर/डीडवाना-कुचामन।** डीडवाना-कुचामन जिले के नावां में बुधवार सुबह करीब पांच बजे तेज रफ्तार डंपर और स्विफ्ट कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार पति-पत्नी, उनकी बेटी और कार चालक समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

- हादसे में पति-पत्नी, उनकी बेटी और कार चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई
- हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और टक्कर के बाद चारों शव कार में बुरी तरह फंस गए

टक्कर के बाद चारों शव कार में बुरी तरह फंस गए। पुलिस ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद शवों को कार से बाहर निकाला।

नावां थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि कार में लक्ष्मण सिंह (46), उनकी पत्नी तुलसी (45), बेटी शीतल (22) और चालक रामाकिशन (35) सवार थे। हादसे में चारों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कार में फंसे शवों को निकालने का प्रयास शुरू किया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद चारों शवों को बाहर निकाला गया। सभी शव नावां उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं। पुलिस के अनुसार परिवार मिठड़ी के पास पालड़ी गांव में किराए के मकान में रह रहा था। बुधवार सुबह घर लौटते समय उनकी स्विफ्ट कार को सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में जान गंवाने वाली तुलसी कासेड़ा (डीडवाना-कुचामन) उप स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम के पद पर कार्यरत थी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की।

थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि हादसे के बाद डंपर को जब्त कर थाने भिजवा दिया गया है। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसा किस वजह से हुआ और डंपर की रफ्तार कितनी थी, इसे लेकर पुलिस मौके से मिले साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर जांच कर रही है।



हादसे के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की।

# प्रॉपर्टी के विवाद में मां की हत्या करने वाले बेटे को उम्रकैद

**अजमेर,** (निसं)। प्रॉपर्टी के विवाद में अपनी मां की हत्या करने वाले बेटे को अदालत ने दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मामला करीब दो साल पुराना है और अजमेर के गंज थाना क्षेत्र के अजयसर गांव का है।

अपर लोक अभियोजक हरसिंह रावत ने बताया कि मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से26 गवाह, 55 दस्तावेज और 13 आर्टिकल अदालत में पेश किए गए। सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायाधीश नीरज गुप्ता ने आरोपी को हत्या का दोषी मानते हुए यह फैसला सुनाया। अभियोजन के अनुसार अजयसर निवासीबबलू उर्फ बाबू (32) पुत्र शंकरने 9 नवंबर 2024 को दोपहर करीब एक बजे अपनी मां हंजा देवी (55)पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। आरोपी ने मां के सिर पर कुल्हाड़ी से दो वार किए, जिससे उसकी मौत हो गई। वारदात के समय मृतका का पति शंकर और उसके दो बेटे मजदूरी के लिए घर से बाहर गए हुए थे। घर में मृतका की एक बेटी मौजूद थी। घटना के बाद आसपास के लोगों ने आरोपी को घर के बाहर बने कमरे में पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर गंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया था।

- अजमेर के गंज थाना क्षेत्र का मामला, कोर्ट ने 50 हजार का जुर्माना भी लगाया
- आरोपी बेटे ने मां के सिर पर कुल्हाड़ी से दो वार किए थे

पुलिस ने मौके पर एफएसएल और एमओबी टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। मृतका के शव को जेएलएन अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में मृतका के बड़े बेटेकालू (42)ने गंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में हत्या के पीछे प्रॉपर्टी विवाद सामने आया था। मृतका के पति शंकर ने पुलिस को बताया था कि अजयसर में परिवार की करीब डेढ़ बीघा जमीन थी, जो हंजा देवी के नाम पर थी। आपसी समझौते के तहत जमीन को दोनों बेटों याकूब और बबलू के बीच बांट रखा था। याकूब पर कर्ज होने के कारण उसने अपने हिस्से की जमीन बेच दी थी। इसी दौरान बबलू को शक हो गया कि उसका हिस्सा भी बेच दिया गया है। परिवार की ओर से उसे समझाया गया कि उसके हिस्से की जमीन नहीं बेची गई है, लेकिन वह इस बात से संतुष्ट नहीं हुआ।

अभियोजन के अनुसार जमीन को लेकर नाराज बबलू गुस्से में घर पहुंचा और अपनी मां से विवाद करने लगा। इसी दौरान उसने कुल्हाड़ी से मां के सिर पर दो वार कर दिए। गंभीर चोट लगने से हंजा देवी की मौत हो गई। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने अदालत के समक्ष गवाहों, दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों के जरिए आरोप साबित किए। इसके बाद अदालत ने बबलू उर्फ बाबू को हत्या का दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

# दिनदहाड़े सूने मकान में चोरी

**अजमेर,** (निसं)। शहर के कृष्णगंज थाना क्षेत्र स्थित पंचशील सी ब्लॉक में बुधवार को दिनदहाड़े एक सूने मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर मकान का गेट फांदकर अंदर घुसा और पूरे मकान में रखे सामान को खंगालने के बाद अलमारी में रखे करीब दो हजार रुपए नगद, लैपटॉप सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गया। मकान मालकिनअंजुला श्रीवास्तव गर्ल्स स्कूल में अंग्रेजी की व्याख्याता हैं। घटना के समय मकान सूना था। इसी दौरान अज्ञात चोर ने मौका पाकर मकान में प्रवेश किया और कमरों में रखे सामान की तलाशी ली। चोर ने अलमारी को भी खंगाला और उसमें रखी नगदी तथा लैपटॉप सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गया।

घटना की जानकारी मिलने पर मकान मालकिन ने कृष्णगंज थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

# चलती ट्रेन में 70 तोला सोना, आधा किलो चांदी और लाखों की नगदी चोरी

**बीकानेर,** (निसं)। मदुरई-बीकानेर एसी साप्ताहिक ट्रेन में सफर कर रही दो महिला यात्रियों के बैग से एक करोड़ रुपए से अधिक कीमत के सोने-चांदी के जेवर और 7-8 लाख रुपए नकद चोरी होने का मामला सामने आया है। महिलाएं नागपुर से नोखा के लिए ट्रेन नंबर 22631 के एसी कोच बी-1 में सफर कर रही थीं। नोखा पहुंचने के बाद घर जाकर सामान की जांच करने पर चोरी का पता चला। इस मामले में बीकानेर जीआरपी ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जीआरपी थानाधिकारी नेहा चोरी की घटना की पुष्टि की है। फिलहाल मामले में अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। घर पहुंचने के बाद मांगीदेवी ने ट्रॉली बैग खोला तो उसमें रखे करीब 65-70 तोला सोने के जेवर, करीब आधा किलो चांदी के आभूषण और 7-8 लाख रुपए नकद नहीं मिले। परिवार में सगाई का कार्यक्रम होने के कारण जेवर और नकदी साथ लेकर आए थे। रिपोर्ट में ट्रेन में यात्रा के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति के जरिए चोरी किए जाने की आशंका जताई गई है। पीड़ित परिवार ने 14 सितंबर को बीकानेर जीआरपी में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच निरीक्षक नेहा राजपुरोहित के नेतृत्व में जीआरपी और आरपीएफ की टीमें कई जगहों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं और संदिग्धों से पूछताछ कर रही हैं। फिलहाल मामला दर्ज होने के दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा है। जीआरपी के अनुसार देसलसर निवासी विक्रम राजपुरोहित ने रिपोर्ट दी है कि उनका परिवार महाराष्ट्र के वरूड़ (जिला अमरावती) में मिठाई का कारोबार करता है। उनके माता-पिता और भाई-बहन वहीं रहते हैं। 11 सितंबर को उनकी मां मांगीदेवी और बहन डिंपल राजपुरोहित नागपुर से नोखा आने के लिए ट्रेन में सवार हुईं। दोनों की सीट बी-1 कोच में 25 और 28 नंबर की थी। परिजनों के अनुसार दोनों महिलाओं के पास दो ट्रॉली बैग सहित 3-4 अन्य बैग थे। उन्होंने सामान को सीट के नीचे सुरक्षित रख दिया था। 12 सितंबर को ट्रेन नोखा पहुंची तो परिजन स्टेशन पहुंचे और सामान लेकर गांव आ गए।

- महिलाएं नागपुर से नोखा के लिए ट्रेन नंबर 22631 के एसी कोच बी-1 में सफर कर रही थीं, नोखा पहुंचने के बाद घर जाकर बैग में सामान की जांच करने पर चोरी का पता चला
- परिवार में सगाई का कार्यक्रम होने के कारण जेवर और नकदी साथ लेकर आए थे, रिपोर्ट में यात्रा के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति के जरिए चोरी किए जाने की आशंका जताई

# 71 लाख के गांजे के पौधे जब्त

**उदयपुर,** (निसं)। उदयपुर की एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स टीम ने राजसमंद के भीम में कार्रवाई करते हुए 71 लाख रुपए के अवैध गांजे के हर पौधे बरामद किए हैं। मौके पर एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स टीम ने आसपास खेत मालिक की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला।

एएनटी महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि मक्के की फसल की आड में गांजे की खेती की जा रही थी। मुखबिर से सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और गुप्त तरीके से दबिश दी। आरोपियों ने खेत के चारों तरफ कांटेदार तारों से तारबंदी की हुई थी। खेत के अंदर मक्के की फसल के बीच हरे गांजे के पौधे खड़े दिखाई दिए। मौके पर आसपास खेत मालिक की तलाश की।

# उदयपुर नगर निगम भूखंड घोटाला : एक आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर/उदयपुर।** उदयपुर नगर निगम के बहुचर्चित भूखंड घोटाले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसओजी ने भंवर सिंह राव (51) निवासी आमेट जिला राजसमंद को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करवाए, मृतक पिता के नाम से भूखंड के दस्तावेज बनवाए और नगर निगम से अपने नाम लीज डीड जारी करवा ली। इसके बाद भूखंड बेचकर मिली रकम अपने बैंक खाते में जमा करवा ली।

एडीजी (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि वर्ष 2004 में नगर विकास प्रन्यास (यूआईटी), उदयपुर से नगर निगम उदयपुर को हस्तांतरित खाली और निरस्त भूखंडों के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर लीज डीड जारी करवाने का मामला सामने आया था। इस संबंध में सूरजपोल थाना जिला उदयपुर में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। एसओजी की जांच और पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में भंवर सिंह राव की भूमिका सामने आई। आरोपी भंवर सिंह राव निवासी आमेट जिला राजसमंद ने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर हिरण मगरी सेक्टर-11 स्थित भूखंड संख्या 1165 के फर्जी दस्तावेज अपने मृतक पिता के नाम से तैयार करवाए। इसके बाद इन दस्तावेजों के आधार पर नगर निगम उदयपुर से लीज डीड अपने नाम जारी करवा ली।

# श्रीगंगानगर में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप ट्रक में घुसी, दो की मौत

## हादसे में सात जने घायल हो गये, ड्राइवर को झपकी आने से हुआ हादसा

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। रामदेवरा से दर्शन कर अपने गांव जा रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप गाड़ी और ट्रक में भिड़ंत हो गई। जिसमें पिकअप सवार 2 श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7 श्रद्धालु घायल हो गए, जिसमें से 4 गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

घटना रामसिंहपुर थाना क्षेत्र में कालूवाला ढाबा के पास हुई है। पुलिस का कहना है कि ट्रक इंजन में हुई खराबी की वजह से सड़क के किनारे खड़ा था। खड़े ट्रक में पिकअप पीछे से घुस गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूचना मिलते ही समेजा कोठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर जाम खुलवाया। मामला रामसिंहपुर थाना क्षेत्र का होने की वजह से समेजा कोठी थाना पुलिस ने रामसिंहपुर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। घटना के बाद आस-पास के लोगों और राहीगरों ने घायलों को रामसिंहपुर के सरकारी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां घायलों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने 4 श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार के बाद श्रीगंगानगर रेफर कर दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया। घटना के बाद घायलों को हॉस्पीटल में पहुंचाया गया जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक 85 एलएनपी के रहने वाले पिकअप में सवार श्रद्धालु रामदेवरा से दर्शन कर वापस अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान बुधवार सुबह करीब 5 बजे ड्राइवर को नींद की झपकी आने से पिकअप गाड़ी कालूवाला ढाबा से आगे लिंक रोड पर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से टकरा गई। पिकअप गाड़ी का करीब आधा हिस्सा ट्रक के अंदर घुस गया, जिसके बाद सड़क पर चीख-पुकार मच गई।

# खड़े ट्रक से भिड़ी कार, एक की मौत, पांच घायल

**जोधपुर,** (कासं)। नेशनल हाइवे 62 पर नेतड़ा के पास बुधवार अलसुबह एक सड़क हादसा हो गया। नागौर से जोधपुर जा रही एक तेज रफ्तार एक्सयूवी कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह टूट गया और हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक महिला और दो बच्चों सहित पांच लोग घायल भी हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही करवड़ थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों और मृतक को गाड़ी से बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान नया बास बालसमंद, जोधपुर निवासी कैलाश पुत्र गजेंद्र दमामी के रूप में हुई है।


**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**

दिनांक :- 15/09/2026

**ई-निविदा सूचना**

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| आर.एस.एम.एम./एसबीयू एण्ड पीसी-एल.एस/प्रमुख एंव प्रभारी-एलएस/संविदा-09/2026-27 दिनांक:-15.09.2026 MML2627SSOB00120 | आर.एस.एम.एम.एल के एसबीयू एवं पीसी लाइमस्टोन जोधपुर कार्यालय मे लेखा कार्मिको के माध्यम से बिक्री लेखांकन का कार्य करने हेतु। अनुमानित मूल्य (रू.) 20.00 लाख, धरोहर राशि (रू.) - 40000/-, निविदा राशि - 1180/- |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा प्रबन्धक (अनुबंध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/26/10592 — उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड छबड़ा**

क्रमांक : 620 — दिनांक : 14.09.2026

**निविदा सूचना संख्या 07/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों "एए", "ए", "बी" एव "सी" श्रेणी एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए, ए श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code :- PWD2627A2729

UBN No.- 1. PWD2627SSOB12083, 2. PWD2627SSOB12084 3. PWD2627SSOB12085

(सुनील कुमार सोनी)

DIPR/C/16064/2026 — अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड छबड़ा


# राजेन्द्र राजन और जीतेन्द्र निर्मोही चूरू में साहित्य सम्मान से सम्मानित

**जयपुर/चूरू।** हिंदी साहित्य संसद के तत्वावधान में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में चूरू के बजाज सत्संग भवन में सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। भादरा के प्रमुख साहित्यकार पवन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में अजमेर के प्रसिद्ध साहित्यकार गोपाल गर्ग मुख्य अतिथि रहे।

- वयोवृद्ध वरीष्ठ अधिवक्ता अनंत राम सोनी और सामाजिक चिंतक कमल कोठारी को भी सम्मानित किया

हिंदी साहित्य संसद के अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा खामोश ने बताया कि जयपुर के लेखक राजेन्द्र राजन को रामा देवी भागीरथ प्रसाद मड़दा साहित्य सम्मान तथा कोटा के साहित्यकार जीतेन्द्र निर्मोही को जनकवि प्रदीप शर्मा साहित्य सम्मान से विभूषित किया गया। दोनों साहित्यकारों को सम्मान स्वरूप श्रीफल , अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र पदक एवं 11 हजार की नगद राशि भेंट की गई। वयोवृद्ध वरीष्ठ अधिवक्ता अनंत राम सोनी और जाने-माने सामाजिक चिंतक कमल कोठारी को भी हिंदी साहित्य संसद द्वारा अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर आयोजित काव्य गोष्ठी में ओम भक्तानी, पिंटू शर्मा मंगल भारती, तंजीम बानो, मुकेश मनमौजी, दीपक कामिल अब्दुल मन्नान, विजय कान्त, मख़्दूम बिसाऊवी, सुरेश कुमार, सुधींद्र शर्मा, इदरीस खत्री राज, राजेन्द्र शर्मा मुसाफिर, अनंतराम सोनी, ओ पी तंवर, एस डी सोनी, स्नेहलता शर्मा, कमल कोठारी तथा मंचस्थ कवि बनवारी लाल शर्मा खामोश, जीतेंद्र निर्मोही, राजेन्द्र राजन, गोपाल गर्ग और पवन शर्मा ने एक से बढ़कर एक काव्य प्रस्तुतियां देकर वाहवाही बटोरी। समारोह में बाबूलाल शर्मा, पुरुषोत्तम नरडिया, प्रदीप सिरोठिया, सरोज हारित, दीपिका शर्मा, श्यामा निर्मोही, संगीता, दूलाराम सहारण एवं गोपीराम हरित आदि गणमान्य नागरिक और साहित्यकार उपस्थित थे। स्वागत भाषण बनवारी लाल शर्मा खामोश दिया तथा विजयकान्त ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संयोजन लेखक और कवि प्रोफ़ेसर कमल कोठारी ने किया।



चूरू में आयोजित समारोह में लेखक राजेन्द्र राजन व जीतेन्द्र निर्मोही आदि को सम्मानित किया गया।

# जोजरी नदी प्रदूषण पर पुलिस की कार्रवाई

**जोधपुर,** (कासं)। जोजरी नदी में प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ चल रही निगरानी के तहत विवेक विहार थाना पुलिस ने मोगड़ा पुलिया के पास चेकिंग के दौरान रंगाई-छपाई में उपयोग होने वाले सामान से भरी बोलेरो पिकअप को जब्त किया है।

विवेक विहार थानाधिकारी भवानी सिंह ने बताया कि सफेद कपड़े के 120 थान, 37 रंगाई-छपाई की फ्रेम/प्लेटें, रंग से भरे चार ड्रम, एक कट्टे में करीब 20 किलो नमक जैसा पदार्थ सहित अन्य सामग्री मिली। चालक किशनाराम के पास कपड़े का बिल था, जबकि अन्य सामान के संबंध में बिल, ई-वे बिल या अन्य दस्तावेज नहीं मिले। चालक ने सामान को पाली के मंडिया रोड स्थित एमआर इंटरप्राइजेज ले जाने की जानकारी दी। जोजरी नदी क्षेत्र में रंगाई-छपाई फैक्ट्रियों से प्रदूषण की लगातार निगरानी को देखते हुए पुलिस ने बरामद सामग्री के रंगाई-छपाई में उपयोग होने तथा इससे जुड़े प्रदूषण की संभावना के आधार पर सामान को जब्त किया। वाहन को दस्तावेज नहीं होने पर जब्त किया गया।

- रंगाई-छपाई के सामान से भरी पिकअप जब्त

# बैंक खाते से नगदी पार

**जोधपुर,** (कासं)। माता का थान स्थित दौलत सागर बेरा एरिया में रहने वाले एक युवक से शातिर ने फ्रॉड कर लिया। बदमाश ने उसे क्रेडिट कार्ड को लेकर लिंक भेजा। लिंक ओपन किए जाने पर उसके खाते बैंक खाते से 40-42 हजार रूपए पार हो गए। पीड़ित ने अब माता का थान पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। घटना 5 सितंबर को होना बताया गया है। माता का थान पुलिस थाने के एएसआई शोभाराम ने बताया कि दौलत सागर बेरा 80 फीट रोड निवासी नरपत परिहार की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि 5 सितंबर को उसके पास में क्रेडिट कार्ड के संबंध में कोई कॉल आया था। फिर सामने वाले ने एक लिंक भेजा था। उसने लिंक ओपन कर लिया। इसके बाद उसके बैंक खाते से 40-42 हजार रूपए कट गए।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड बॉदीकुई**

Address:- Office Campus Bandikui Email-ID:- eephedbandikui@gmail.com

No. EE Bandikui/DIPR/NIT 33-37/26-27/1595-1600 — Date-14.09.2026

**निविदा सूचना 33-37/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, राजस्थान में उपयुक्त श्रेणी में वैध पंजीकृत संवेदकों एवं कार्य करने का अनुभव रखने वाले संवेदको के माध्यम से खण्ड बॉदीकुई के अधीन उपखण्ड बॉदीकुई में विभिन्न ठामीण जलयोजनाओं के संचालन व संधारण हेतु मरम्मत कार्य हेतु कुल अनुमानित लागत 30.90 लाख के 05 कार्यों हेतु निर्धारित प्रपत्रों में ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 15.09.2026 को प्रातः 09:30 बजे से दिनांक 21.09.2026 को सांयकाल 06:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है। दिनांक 22.09.2026 को दोपहर 12:00 बजे तकनीकि बिड ऑनलाईन खोली जावेगी। निविदाओं से सम्बंधित समस्त सरकार विवरण राज्य की वेबसाइट http://www.dipronline.org, http://www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB No PHE2627A2576

निविदाओं के UBN No. निम्नानुसार है :-

PHE2627WSOE05332, PHE2627WSOE05333, PHE2627WSOE05334, PHE2627WSOE05335, PHE2627WSOE05336

(हरिकिशन मीना)
अधिशाषी अभियन्ता

DIPR/C/16022/2026 — जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड बॉदीकुई